तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 8 अगस्त 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4



17 हाथियों का झुण्ड जा धमका था हाईवे पर...

## खबर संक्षेप

### कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती, दावा आपत्ति 17 तक

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा ग्रामीण के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र पेण्ड्रीडीह में आगंनबाड़ी कार्यकर्ता के 1 पद एवं आंगनबाड़ी केन्द्र खोखराआमा, मारगांव, केरवां, दरगा, शांतिनगर, गेंराव, ढोंगदरहा 1, छुईढोढ़ा, डूमरडीह, मसान 1, कुदमुरा 1, सिमकेंदा 2, पेंड्रीडीह और आंगनबाड़ी केन्द्र विमलता में आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक कुल 14 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन मंगाये गये थे। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (ग्रामीण) से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राप्त आवेदन अनुसार विकासखण्ड स्तरीय मूल्यांकन समिति के द्वारा प्रावधिक मूल्यांकन प्रत्रक अनुमोदन उपरांत अभ्यर्थियों से दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी 17 अगस्त तक कार्यालयीन समय में परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (ग्रामीण), पता- सखी वन स्टाप सेंटर के आगे नरसिंग गंगा कॉलोनी वार्ड नंबर 35 खरमोरा, कोरबा में अपनी दावा आपत्ति जमा कर सकते है।

### नेशनल लोक अदालत 13 सितम्बर को

**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार नेशलन लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर दिन शनिवार को जिला एवं समस्त तालुका स्थित न्यायालयों में किया जायेगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन में लोक अदालत की तैयारी के संबंध में जिला न्यायालय के वीडियो कान्फ्रेसिंग कक्ष में न्यायिक अधिकारियों, बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओं एवं अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। आगामी 13 सितम्बर को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के संबंध में न्यायालयों द्वारा चिन्हांकित प्रकरणों एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण करने के संबंध में चर्चा की गयी।

### प्रोत्साहन राशि के लिए 12 तक कर सकते है आवेदन

**कोरबा।** राज्य शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2025 में सफल होने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रदेश के अभ्यर्थियों को एक लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग ने इस सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 उत्तीर्ण करने वाले जिले के पात्र अभ्यर्थी 12 अगस्त तक आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, ब्लाक-डी. भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छ.ग. में स्पीड पोस्ट रजिस्टर्ड डाक या स्वयं उपस्थित होकर अपना आवेदन जमा कर सकते है।पावती प्राप्त कर सकते हैं। पात्रता तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाईट का विजिट कर अवलोकन व डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने जिले के इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक जमा करने हेतु आग्रह किया है।

### प्रवेश के लिए 31 तक कर सकते है आवेदन

**कोरबा।** पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र जुलाई-जून 2025-26 लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस हेतु पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के दूरवर्ती शिक्षा अंतर्गत अध्ययन केंद्र कोरबा में प्रवेश प्रारंभ है। वर्तमान में अध्ययन केंद्र कोरबा, तहसील रोड, पीजी कॉलेज के बगल में पुराना कलेक्ट्रेट/पुराना आरटीओं संचालित है।

# ग्रामीण महिलाएं गढ़ रहीं आजीविका की नई राह, हाथ से बना रहीं राखियाँ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

गांव की महिलाओं ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर एक नई मिसाल कायम करते हुए हाथ से सुंदर-सुंदर राखियाँ बनाना शुरू किया है। यह पहल न केवल रचनात्मकता और संस्कृति को बढ़ावा दे रही है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका का नया साधन भी बन गई है। पेड़ की छांव में लगी यह छोटी सी राखी दुकानें अब गांव की रौनक बन गई हैं। महिलाएं और बच्चियां मिलकर रेशमी धागों और साज-सज्जा की सामग्री से विविध प्रकार की राखियां बना रही हैं। इन राखियों को गांव में ही एक छोटे से स्टॉल के माध्यम से बेचा जा रहा है। इस कार्य से महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ने का अवसर मिल रहा है। इस आयोजन का संचालन एनटीपीसी एवं परिवर्तन समाज विकास समिति के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें हुनरमंद बनाया गया। ग्रामीणों में इस पहल को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी राखियाँ साथ ही बांस से बनी एवं कढ़ाई हुई रूमाल खरीदने आ रहे हैं और महिलाओं के कार्य की सराहना कर रहे हैं। महिलाएं और किशोरियाँ मिलकर समूह में बांस की सजावटी सामग्री कपड़े की कढ़ाई एवं राखी निर्माण कर रही हैं। स्थानीय बाजार में कम लागत में बेची जा रही है हस्तनिर्मित सामग्री। यह पहल महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की ओर ले जा रही है। पारंपरिक त्योहार को आत्मनिर्भरता से जोड़ा गया है। इस प्रकार, एक छोटे से गाँव में महिलाएं अपनी मेहनत और रचनात्मकता से एक बड़े बदलाव की ओर बढ़ रही हैं, जो ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस पूरे कार्य को करने के लिए एनटीपीसी एवं परिवर्तन समाज विकास समिति की तरफ़ से अक्षय कुमार दूबे जो ग्रामीण क्षेत्रों को शहरों से जोड़ने में माहिर जो अपनी टिम के साथ मिल कर इस काम के माध्यम से ग्राम पंचायत धनराश को एक अच्छी दिशा में मोड़ने का प्रयास कर रहे है।

## पारंपरिक त्योहार को जोड़ा गया आत्मनिर्भरता से

**खास बातें**

- गांव में बाजार लगाकर हो रही राखी की बिक्री, बदलेगी तस्वीर
- कम दाम पर बेची जा रही राखियां



## हेलमेट पहनने व ओवर स्पीडिंग को लेकर बच्चों को किया जा रहा है प्रेरित

# हादसों को रोकने यातायात पुलिस स्कूलों में जगा रही है अलख






यातायात पुलिस की टीम स्कूल में पहुंचकर बच्चों को डेमो देकर यातायात की दी जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं ने पुलिस का टेंशन बढ़ा दिया है। आखिर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को कैसे रोका जा सके ज्यादातर जिले में हादसे या तो ओवर स्पीडिंग की वजह से हो रहे हैं या फिर हेलमेट न पहनने की वजह से हादसे हो रहे हैं। लोगों को इसके लिए कैसे जागृत किया जाए इसके लिए पुलिस अधीक्षक ने विशेष पहल की है और लोगों तक जन जागरूकता के तहत पुलिस उन तक पहुंच सके इसके लिए यातायात पुलिस ने स्कूल को अपना माध्यम बनाया है।

भला आप सोच रहे होंगे कि स्कूल से जनजागरूकता कैसे पहुंचाई जाएगी तो हम आपको बता दें कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश यातायात पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई है जो हर दूसरे दिन शहर या उप नगरीय क्षेत्र या स्कूलों को चिन्हांकित कर रही है और स्कूलों में पहुंचकर सभी स्कूली बच्चों, शिक्षकों की 1 घंटे की पाठशाला लगाई जा रही है। जिसमें यातायात एएसआई मनोज राठौर द्वारा बकायदा हादसों को कैसे रोका जा सके और जिले में कैसे हादसे हो रहे हैं इसके लिए उनके द्वारा डेमो भी दिया जा रहा है और बच्चों को इसलिए जन जागरूकता के लिए चुना गया है कि उन्हें यह बताया जा रहा है कि अपने माता-पिता जो भी मोटरसाइकिल या स्कूटी लेकर घर से निकल रहे हैं उन्हें हादसों के बारे में प्रतिदिन याद दिलाने और हेलमेट न पहनने पर उसके क्या नुकसान हो रहे हैं और फायदे भी गिनाई जा रहे हैं और स्कूली बच्चों को भी अपने पालकों को रोक-टोक करने के लिए कहा जा रहा है और या फिर चार पहिया वाहन का इस्तेमाल करने के दौरान कितनी गति में वाहन चलाना है और ओवरस्पीड की वजह से कैसे हादसे हो रहे हैं यह भी बताया जा रहा है और कार चलाते समय किन-किन बातों की सावधानी रखनी है और सीट बेल्ट का कैसे इस्तेमाल करना है यह भी बच्चों को बताया जा रहा है और उन्हें यह भी प्रेरित किया जा रहा है कि इसके लिए रोज अपने पालको को रोकने टोकने के लिए ही कहा जा रहा है ताकि अपने बच्चों के रोकने टोकने पर पालक यातायात नियमों का पालन कर सकें और सड़क हादसों का ग्राफ को रोका जा सके।

### दो चरणों में चलेगा विशेष अभियान

इस अभियान की शुरुआत यातायात पुलिस ने शुरू कर दी है। शुरुआती दौर में यातायात पुलिस ने शहर के शहरी स्कूलों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। इस कड़ी में गुरुवार को यातायात पुलिस की टीम न्यू ऐरा स्कूल पहुंची थी जहां न्यू ऐरा स्कूल में यातायात पुलिस पाठशाला लगाई। यातायात पुलिस के एएसआई मनोज राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि जनजागरूकता अभियान को विशेष टास्क लेकर किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर हादसों को रोकने के लिए यह बीड़ा उठाया गया है और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक जनजागरुकता फैलाई जा सके इस दिशा पर प्रयास किया जा रहा है। पहले चरण में शहर व उपनगरीय क्षेत्र के स्कूल तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में यह अभियान शुरू किया जाएगा।

# स्विच यार्ड में स्पार्किंग, ठेका श्रमिक व इंजीनियर झुलसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा पश्चिम संयंत्र के स्वीच यार्ड में काम के दौरान अचानक स्पार्किंग की घटना घटित होने से ठेका श्रमिक व एक जूनियर इंजीनियर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गैर अनुभवी ठेका मजदूर से स्वीच यार्ड का काम कराए जाने से यह घटना घटित हुई है।

**खास बात**

- उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम संयंत्र का मामला





घायल ठेका श्रमिक एवं इंजीनियर।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 1340 मेगावाट क्षमता वाले कोरवा पश्चिम संयंत्र के स्वीच यार्ड में गुरूवार की सुबह लगभग 10 बजे जेनेक्स नामक निजी कंपनी द्वारा स्वीच यार्ड में गैर अनुभवी ठेका मजदूर से स्विच यार्ड का काम कराया जा रहा था। इस दौरान अचानक उस स्वीच यार्ड में स्पार्किंग होने के कारण ठेका मजदूर सुरेंद्र साहू एवं विद्युत कंपनी के जूनियर इंजीनियर आलोक कुजुर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। ठेका मजदूर पूर्णतया गैर अनुभवी था, इसलिए वह गंभीर रूप से झूलस गया है। जिसके कारण घायल सुरेन्द्र साहू को तत्काल कोरवा पश्चिम स्थित विभागीय हास्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि संयंत्र के भीतर तत्काल इलाज के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने प्रशिक्षित डॉक्टर या नियुक्ति करके रखने का आदेश दिया, लेकिन वर्तमान प्रबंधन व उच्च अधिकारियों के द्वारा सारे आदेश का अवहेलना किया जा रहा है। संयंत्र में नियमित कर्मचारियों की कमी हो गई है, लेकिन उच्च पदों पर बैठे हुए चेयरमैन हो या कार्यपालक निदेशक हो किसी को भी राज्य के इस विशेष उद्योग के लिए सोचने का समय नहीं। जिसके कारण दो दिन पूर्व भी एक गैर अनुभवी ठेका कर्मचारी की मौत हो चुकी है।

# शासकीय उमावि रजगामार के परिसर में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजगामार

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार के परिसर में भीषण आग लग गई। संदेह के आधार पर अंदाजा लगाया जा रहा कि कुछ उपद्रवी लोगों के द्वारा यह आग लगाई गई है। जिस जगह पर आग लगी थी उसके समीप बिजली का खंभा एवं ऊपर से बिजली का हाइटेंशन तार गया हुआ है। आग के चपेट से नल-जल योजना में उपयोग हेतु लाए गए बड़े पाइप पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। शासकीय संपत्ति को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग के फैलने से पूर्व आमजनों, पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की मदद से सफलतापूर्वक बुझा दिया गया। आग की लव देख कर ग्रामीणजन भारी संख्या में उपस्थित हो गए थे। अंततः आग पर काबू पा लिया गया।



इस तरह स्कूल परिसर में लगी आग।

# डीएवी स्कूल में प्रवेश को लेकर प्रदर्शन, किया गया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा डीएवी स्कूल में प्रवेश को लेकर मचे विवाद ने गुरुवार को बड़ा रूप ले लिया जब आक्रोशित पीड़ित अभिभावकों और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्कूल के प्रिंसिपल के खिलाफ प्रदर्शन किया और उनका पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल प्रशासन पर प्रवेश प्रक्रिया में भारी भ्रष्टाचार, भेदभाव और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि स्कूल में बच्चों का दाखिला लेने के लिए जब अभिभावक आवेदन करते हैं तो प्रिंसिपल और प्रशासनिक अमला उनके साथ दुर्व्यवहार करता है। उन्हें यह कहकर टाल दिया जाता है कि सीट उपलब्ध नहीं है, जबकि कई बाहरी और सिफारिशी छात्रों को प्राथमिकता देकर प्रवेश दिया जा रहा है।

प्रदर्शन में विशेष रूप से भू-विस्थापित परिवारों, एसईसीएल कर्मियों और स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। इनका कहना है कि डीएवी स्कूल की स्थापना ही स्थानीय समुदाय के सहयोग और जनहित के उद्देश्य से की गई थी लेकिन आज वहीं स्थानीय बच्चे प्रवेश से वंचित किए जा रहे हैं। निष्पक्षता पर उठे सवाल आक्रोशित भीड़ ने आरोप

⏭ शेष पेज 3 पर



प्रदर्शन करते अभिभावक।

# लो वोल्टेज व पॉवरकट की समस्या को लेकर पार्षद ने वितरण विभाग के कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वार्ड क्रमांक 5 में पिछले कई दिनों से लो वोल्टेज की समस्या लगातार बढ़ती जा रही थी और पावरकट की समस्या आ रही थी। साथ ही बची खुची कसर ट्रांसफार्मर भ्रष्ट हो जाने के बाद विद्युत व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी पार्षद ने इस मामले की शिकायत विद्युत विभाग के अफसर से की तो उनके द्वारा ट्रांसफार्मर बदलने की दिशा पर कोई ठोस पहल नहीं की जा रही थी और अस्थाई तौर पर दूसरे ट्रांसफार्मर से लाइन जोड़कर फिर से पुरानी स्थिति में लाने का प्रयास किया जा रहा है। फिर क्या था पार्षद ने सीधे विद्युत वितरण विभाग के कार्यालय का घेराव कर दिया और जमकर हंगामा शुरू हो गया। पार्षद द्वारा हंगामा किए जाने के बाद विभाग के अफसरों के कान खड़े हो गए और वे तत्काल ट्रांसफार्मर बदलने की कवायद शुरू की और देर शाम तक ट्रांसफार्मर बदल दिया गया।

उल्लेखनीय है कि उमस बढ़ने के साथ ही बिजली की डिमांड बढ़ गई है और बताया जाता है कि वार्ड क्रमांक 5 पुरानी बस्ती ईदगाह चौक के पास पिछले 1 महीने से एक ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो रही थी और लो वोल्टेज की समस्या थी। इसे लेकर पार्षद तामेश अग्रवाल ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से इसकी शिकायत की थी लेकिन इसके बाद भी विभाग के अफसर उसे दुरुस्त करने की दिशा पर पहल नहीं कर रहे थे। पिछले दो दिनों से व्यवस्था और ध्वस्त हो गई थी और इसके बाद गुरुवार की सुबह ट्रांसफार्मर भ्रष्ट हो गया। अधिकारियों को पार्षद ने इससे अवगत कराया तो उन्होंने ट्रांसफार्मर को बदलने की बजाए फिर से पुनः दूसरे ट्रांसफार्मर से जोड़कर अस्थाई व्यवस्था करने

⏭ शेष पेज 3 पर



कार्यालय का घेराव करते पार्षद एवं अन्य।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

7 korba-pg2_Layout 1 8/8/2025 12:46 AM Page 1



**खबर संक्षेप**

### मुफ्त बिजली योजना पर कार्यशाला आज

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में 8 अगस्त को दोपहर 3 बजे से लखीराम स्मृति ऑडोटोरियम में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसमें प्रधानमंत्री मुफ्त सूर्य घर बिजली योजना और इसका लाभ लेने के संबंध में जानकारी दी जाएगी। योजना के अंतर्गत बिजली उपकरण अपने घर में ही स्थापित करने के लिए केंद्र और राज्य दोनों सरकार की ओर से भारी अनुदान दिया जा रहा है। हर महीने अपने घर में ही बिजली संयत्र स्थापित कर 200 से 360 यूनिट तक बिजली उत्पादित कर सकते हैं। जरूरत से ज्यादा बिजली होने पर इसे पावर ग्रिड में डालकर अतिरिक्त आमदनी भी कमाई जा सकती है।

### वन्यप्राणियों के संरक्षण सुरक्षा के लिए नंबर जारी

**बिलासपुर।** बिलासपुर वनमण्डल क्षेत्रांतर्गत वन्यप्राणियों के संरक्षण एवं सुरक्षा से संबंधित शिकायत दर्ज कराने के लिए टेलीफोन नंबर 07752-226082 शुरू किया गया है। वनमण्डलाधिकारी ने आमजनों से अपील की है कि यदि वे वनप्राणियों के संरक्षण एवं सुरक्षा से संबंधित यदि कोई शिकायत दर्ज कराना चाहते हैं तो उक्त टेलीफोन नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### साढ़े 3 लाख के जेवर लेकर बेचा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** नाबालिग युवती से लाखों के जेवर लेकर चंद रूपयों में बचेने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामला सकरी थाना क्षेत्र का है। मामले के अनुसार सकरी थाना क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग अपने परिवार के साथ रहती है। उसे दो युवक डरा चमका कर रूपए की मांग करते थे। इससे भयभीत होकर घर के सामने रहने वाले श्रीधर तिवारी से मिली, उसने बताया कि सोने के जेवर होने पर उसकी मदद कर सकता है। नाबालिग लड़की श्रीधर तिवारी की बात में आ गई और 25 नवंबर 2024 को अपने घर में रखे 4 कंगन और नाक की फुल्ली जैसे करीब साढ़े 3 लाख के जेवर को श्रीधर के पास गिरवी कर दिया। गिरवी रखकर श्रीधर ने जेवर किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया, और नाबालिग को महज 30 हजार रूपए ही दिए। बुधवार को लड़की ने इसकी शिकायत सकरी थाना में दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में आरोपी श्रीधर तिवारी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### महिला से दुष्कर्म, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**बिलासपुर।** शादी का झांसा देकर दो साल तक महिला के साथ कुकृत्य करने के मामले में सकरी पुलिस ने वन विभाग के एसडीओ पर जुर्म दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मामले के अनुसार उसलापुर में रहने वाली महिला का पाली में पदस्थ एसडीओ से संपर्क हो गया। इस दौरान वन विभाग के एसडीओ हरमन एक्का महिला के उसलापुर के घर आते जाते रहे। आरोपी एक्का ने शादी का झांसा देकर महिला के साथ कई बार दुष्कर्म किया। महिला ने इसकी रिपोर्ट सकरी थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले में आरोपी एसडीओ की पतासाजी कर रही है।

### डबरी में नहाने के दौरान डूबने से दम्पति की मौत

**लखनपुर।** डबरी में नहाने के दौरान डूबने से बुजुर्ग दम्पति की मौत हो गई। संभावना जताई जा रही है कि महिला नहाते समय डूब रही थी जिसे बचाने के दौरान पति भी डूब गया और दोनों की एक साथ जल समाधी बन गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम बेलदगी निवासी 65 वर्षीय करीमन पंडो आ. मांझी राम पंडो पत्नी 60 वर्षीया केंदी पंडो के साथ सुबह 9 बजे घर के समीप स्थित डबरी में नहाने के लिए आई हुई थी लेकिन दोनो वापस नहीं लौटे। इस दौरान रास्ते से गुजर रहे एक युवक रामधन ने डबरी में दोनो को डूबते देखा था और घर जाकर उसके पुत्र करम साय को घटना की जानकारी दी।

## पुलिस ने लौटाए 220 मोबाइल

**बिलासपुर।** पुलिस विभाग के एसीसीयू साइबर सेल ने लोगों के 220 नग मोबाइल की रिकवरी कर ली है। करीब 50 लाख रूपए के इन मोबाइलों को उनके अमानतदार को पहुंचाया गया है।

बिलासपुर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के मोबाइल गुमने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसीपी रजनेश सिंह ने मोबाइल तलाश करने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुज कुमार के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र, झारखंड, उड़ीसा, मध्यप्रदेश से 220 नग मोबाइल बरामद किए गए है। गुरूवार को उक्त मोबाइल उनके धारकों को वापस किया गया है। गुम मोबाइल की बरामदगी में प्रभारी निरीक्षक अजहर उद्दीन, आतिश पारिक, राहुल सिंह, राघवेन्द्र साहू, प्रशांत राठौर, प्रशांत सिंह, मुकेश वर्मा, सतीश भारद्वाज, नवीन एक्का, दीपक यादव व अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों का सहयोग रहा है।



### इधर .. आरोपी को स्वयं ढूंढना पड़ा

एक ओर पुलिस लोगों के गुमे मोबाइल लौटाने का आंकड़ा प्रस्तुत कर रही है, दूसरी ओर एक मामला ऐसा भी है, जिसमें आवेदक को स्वयं आरोपी तक पहुंचकर मोबाइल लेना पड़ गया। चार दिन पहले पत्रकार उज्जवल तिवारी का मोबाइल उनके भाई के च्वाइस सेंटर से गायब हो गया था। सीसीटीवी फुटेज में एक महिला के साथ आया बालक मोबाइल उठाते दिखा। इसकी सूचना सरकंडा पुलिस को दी गई, परन्तु पुलिस ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास नहीं किया। सीसीटीवी फुटेज से महिला का आधार नंबर मिलने पर इंटरनेट से उसका पता ठिकाना ढूंढा गया, इसकी जानकारी भी पुलिस को दी गई, परन्तु सरकंडा पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अंत में आवेदक ने स्वयं महिला के घर जाकर अपना मोबाइल वापस मांगा। पुलिस कार्रवाई के भय से महिला ने बच्चे की गल्ती स्वीकार करते हुए मोबाइल लौटा दिया।

## डीजीपी ने ली अधिकारियों की क्लास

- डीजीपी अरूण देव गौतम पहुंचे शहर, बेहतर पुलिसिंग का दिया सबक

**बिलासपुर।** प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम गुरूवार को बिलासपुर पहुंचे, उन्होंने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की और बैठक में स्मार्ट पुलिसिंग करते हुए दायित्व का निर्वाहन करने की सलाह दी।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने कानून व्यवस्था, अपराधों पर नियंत्रण, डिटेक्शन और विजिबल पुलिस तथा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए किए जा रहे कार्यों का प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया। बैठक में सकरी बटालियन,रेडियो कार्यालय, हाई कोर्ट सुरक्षा, एयरपोर्ट सुरक्षा, विशेष आसूचना शाखा, अभियोजन कार्यालय के अधिकारी शामिल रहे। इस दौरान आईजी डॉ. संजीव शुक्ला, एसएसपी रजनेश सिंह, सेकेंड बटालियन कमांडेंट मनोज खिलाड़ी, जोनल पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा श्रीमती दीपमाला कश्यप, रेडियो एसपी श्रीमती पूजा कुमार उपस्थित रहे।

डीजीपी ने संचालित सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम चेतना, अभियान को संस्थागत करने, फिंगरप्रिंट की उपयोगिता का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बीट सिस्टम को प्रभावी बनाने, नए कानून के बेहतर क्रियान्वयन, सीसीटीएनएस, ई साक्ष्य, ई समन के विवेचना में के बारे में दिशा निर्देश दिए गए। लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग,प्रकरण का निरकारण में शीघ्रता लाने के निर्देश दिए हैं।



साढ़े पांच करोड़ रुपए की लागत से बनना था सभागृह

## टाउनहाल के पीछे दो मंजिला सभागृह निर्माण को नहीं मिली स्वीकृति

**पिछली सरकार की स्वीकृति निरस्त**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछली कांग्रेस सरकार के समय स्वीकृत के बाद भी टाउनहाल के पीछे दोमंजिला सभागृह निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया। सरकार बदलने के बाद पुराने कार्यों पर रोक लगा दी गई और उसके बाद दोबारा सभागृह निर्माण की स्वीकृति नहीं मिली। इस तरह टाउनहाल पीछे साढ़े पांच करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला सभागृह अब निरस्त हो गया है।

नगर निगम द्वारा टाउनहाल के पीछे वाली जमीन पर नया दोमंजिला सभागृह बनाने की योजना सरकार बदलने के बाद से ही खटाई में पड़ गई थी। निगम में काफी समय से एक नया सभागृह बनाने की प्लानिंग चल रही थी। इसके लिए टाउनहाल के पीछे वाली जगह का चयन किया गया था। इस खाली जमीन को नया सभागृह बनाने के लिए फाइनल किया गया था। इसमें नया दोमंजिला सभागृह करीब साढ़े पांच करोड़ रुपए की लागत से बनना था, जिसके लिए नगर निगम ने पिछले विधानसभा चुनाव के पहले ही टेंडर प्रक्रिया भी कर ली थी, लेकिन टेंडर के बाद न तो वर्क आर्डर हो पाया था और न ही काम शुरू हो पाया था, क्योंकि यह पांच करोड़ से अधिक का काम था, इसलिए सामान्य सभा में इसका प्रस्ताव पास कराना था। इसी बीच विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लग गया। आचार संहिता में नए काम शुरू करना प्रतिबंधित था और जैसे ही चुनाव निपटा तो प्रदेश में सत्ता बदल गई। प्रदेश में सत्ता बदलने के बाद नई सरकार ने पिछली सरकार के अप्रारंभ कार्यों पर भी खर्चों में कसावट लाने के लिए रोक लगा दिया था। शासकीय व्यय में मितव्ययिता बरतने अप्रारंभ कार्यों को वित्त विभाग की पुनः सहमति के बाद ही प्रारंभ किए जाने का निर्देश दिया था और दोमंजिला नए सभागृह बनाने का जो प्रस्ताव था उसे दोबारा स्वीकृति नहीं मिली।



### जमीन आबंटन का पेंच बाकी

टाउनहाल के पीछे खाली पड़ी जमीन नगर निगम की नहीं है, बल्कि बिल्हा जनपद पंचायत की है। नगर निगम द्वारा इस खाली जमीन को सभागृह बनाने मांग की गई थी। इसके बदले निगम द्वारा दूसरी जमीन या नया बस स्टैंड के पास दुकान देने की पेशकश बिल्हा जनपद पंचायत से की गई थी। लेकिन इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो पाया था और टाऊनहाल के पीछे खाली पड़ी जमीन निगम को विधिवत आबंटित नहीं हो पाई है। हांलाकि नगर निगम द्वारा जमीन आबंटन के पहले ही सभागृह बनाने के लिए जल्दबाजी में टेंडर कर दिया गया था, वह टेंडर भी निरस्त हो गया।

### सामान्य सभा के लिए सभागृह की आवश्यकता

नगर निगम में पहले सामान्य सभा टाउनहाल में होता था। निगम में शहर आसपास के तीन नगरीय निकाय समेत 15 ग्रामीण इलाकों को शामिल किए जाने के बाद पार्षदों की संख्या बढ़कर 70 हो गई है। इन पार्षदों के अलावा एल्डरमैन भी सामान्य सभा में बैठते हैं। इसलिए यहां सामान्य सभा के लिए जगह छोटी पड़ती है। इसी वजह से निगम द्वारा लखीराम आडिटोरियम में सामान्य सभा कराई जाती है।

### निरस्त हो गया टेंडर

नगर निगम द्वारा टाउनहाल के पीछे खाली जमीन पर नया सभागृह निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्व में हो गई थी। लेकिन सभागृह का काम चालू नहीं हो पाया था। शासन ने अप्रारंभ कार्यों पर रोक लगाने का आदेश जारी किया था उसके बाद दोबारा स्वीकृति नहीं मिली और टेंडर निरस्त हो गया।

**-प्रवीण शुक्ला,** कार्यपालन अभियंता, नगर निगम

### वित्तीय स्वीकृति नहीं मिली

टाउनहाल के पीछे पहले नया सभागृह का निर्माण प्रस्तावित था, किन्तु उसका कार्य शुरू नहीं हो पाया था। सभागृह निर्माण कार्य को शासन से वित्तीय स्वीकृति नहीं मिली पाई है।

**-राजकुमार मिश्रा,** सीई, नगर निगम

**न पैसा जमा, न चावल, न ही कोई एफआईआर**

## राशन दुकानदारों पर खाद्य विभाग मेहरबान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 6 के खिलाफ होनी थी कार्रवाई, सिर्फ एक ने जमा किया चावल

43 लाख 45 हजार रूपए कीमत का 988. 48 क्विंटल चावल और साढ़े चार क्विंटल शक्कर दबाकर बैठे शहर के पांच राशन दुकानदारों पर खाद्य विभाग मेहरबान है। सारी दुकानें पहले से ही निलंबित की जा चुकी हैं, लेकिन खाद्यान्न की वापसी किसी ने नहीं की है। बीते दिनों एक दुकानदार के चावल जमा कर देने पर कलेक्टर द्वारा इन पांचों को भी खाद्यान्न वापसी के लिए एक महीने का समय देने, अन्यथा एक माह बाद एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए थे। एक महीने की मियाद खत्म हुए ही आज एक महीने बीत चुके हैं, लेकिन कार्रवाई शून्य है।

खाद्यान्न के गबन के मामले में निलंबित किए जा चुके राशन दुकानदारों पर जब खाद्य विभाग इतना मेहरबान है, तो दुकानों का वर्तमान में संचालन कर रहे दुकानदारों के सिर पर पर विभाग की छत्रछाया कैसी होगी इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है। तीन महीने पहले तत्कालीन खाद्य नियंत्रक अनुराग भदौरिया द्वार कलेक्टर संजय अग्रवाल के समक्ष खाद्यान्न का गबन करने वाले शहर के 6 राशन दुकानदारों के खिलाफ एफआईआर की अनुमति के लिए फाइल पुटअप की गई थी। एफआईआर की अनुमति मिल पाती इससे पहले ही 6 में से एक दुकानदार ने गबन किया गया खाद्यान्न विभाग में जमा करवा दिया। एक दुकानदार द्वारा खाद्यान्न जमा कर देने की सूचना के बाद कलेक्टर द्वारा अन्य पांचों दुकानदारों को भी खाद्यान्न वापसी के लिए एक महीने का समय देने की बात कही गई थी। इन राशन दुकानों में वार्ड क्रमांक 38 टिकरापारा स्थित जय मातादी प्राथमिक उपभोक्ता भंडार, जिस पर 8 लाख 5 हजार रूपए कीमती 191. 40 क्विंटल चावल गबन की कार्रवाई की गई थी। नेहरू नगर स्थित मां अन्नपूर्णा शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर 7 लाख 66 हजार कीमती 182. 32 क्विंटल चावल के गबन की कार्रवाई की गई थी। वार्ड क्रमांक 39 में मां भवानी राशन दुकान पर 13 लाख रूपए कीमती 306 क्विंटल चावल व 4.59 क्विंटल शक्कर गबन पर कार्रवाई की गई थी। वार्ड क्रमांक 47 में संचालित महिला शक्ति राशन दुकान पर 5 लाख 12 हजार रूपए कीमती 118. 70 क्विंटल चावल गबन पर कार्रवाई की गई थी।

इसी तरह वार्ड क्रमांक 48 के जोगमाया खाद्य सुरक्षा समिति के खिलाफ 8 लाख 37 हजार रूपए कीमती 190 क्विंटल चावल गबन की कार्रवाई की गई थी। कलेक्टर द्वारा इन पांचों राशन दुकानदारों के संबंध में निर्देशित किया था कि अगर एक महीने के भीतर संबंधितों द्वारा खाद्यान्न या राशि की वापसी नहीं की गई तो इनके विरूद्ध एफआईआर करा दी जाए। एक महीने की समयावधि करीब एक महीने पूर्व ही समाप्त हो चुकी है, लेकिन आज दिनांक संबंधितों ने खाद्यान्न या राशि जमा नहीं कराई है। इसके विपरीत खाद्य अमले ने इस मामले में किसी तरह की कोई कार्रवाई भी नहीं की है।

## पुलिस ने मारा छापा, मेडिकल स्टोर सील

- प्रतिबंधित दवा की बिक्री पर पुलिस ने की कार्रवाई



**बिलासपुर।** नशे की प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वाले मेडिकल स्टोर पर पुलिस ने कार्रवाई की है। कोनी क्षेत्र के 3 मेडिकल दुकानों पर पुलिस ने रेड मारी और इसमें एक दुकान में प्रतिबंधित दवा की बिक्री करने पर पुलिस ने मेडिकल दुकान को सील कर दिया है।

नशे की प्रतिबंधित दवाइयों के बिक्री एवं बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर के संचालन पर कार्रवाई की जा रही है। 6 अगस्त को औषधि निरीक्षक नीलिमा साहू एवं राहुल तिवारी के साथ ही कोनी टीआई के संयुक्त टीम ने कोनी के गणेश मेडिकल स्टोर, श्रद्धा मेडिकल स्टोर और आरके मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। चेकिंग के दौरान गणेश मेडिकल स्टोर का संचालक दीपक सोनवानी और श्रद्धा मेडिकल स्टोर का संचालक निशा सिंह उपस्थित मिले।दोनों मेडिकल स्टोर को चेक किया गया। प्रतिबंध टैबलेट एवं दवाई नहीं मिला, दवाइयां का बिलिंग भी सही पाई गई। इसके बाद सेंदरी मेंटल अस्पताल के सामने आरके मेडिकल स्टोर की जांच की गई, यहां दुकान के मालिक मौजूद नहीं थे। मौजूद कर्मचारी ने दस्तावेज दिखाने से इंकार कर दिया। कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने आर के मेडिकल स्टोर को सील कर दिया है।

## ज्वेलर्स में चोरी का फरार आरोपी सिंगरौली से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- ससाल भर पहले की गई थी 34 लाख रूपए की चोरी



सीपत के दामोदार ज्वेलर्स में लोहे के रॉड से अटासकर दुकाने के अंदर सोने और चांदी के 34 लाख रूपए के जेवर चोरी करने के मामले में साल भर से फरार आरोपी को सीपत थाने ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को एमपी के सिंगरौली से गिरफ्तार किया गया है।

मामले के अनुसार 15 जुलाई 2024 के दरम्यानी रात को आरोपियों द्वारा सीपत के दामोदर ज्वेलर्स के शटर का ताला तोड़कर व शटर को लोहे के रॉड से अटॉसकर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। सोने चांदी के जेवर व नगदी रूपए के साथ साढ़े 34 लाख की चोरी की गई थी। इस मामले में आरोपी लालमन उर्फ बडका बसोर, रामधीन बसोर, सियाराम बसोर, लालजी उर्फ किनका बसोर, राजेन्द्र गुप्ता उर्फ गुड्डा बनिया, मनीश सोनी उर्फ सुशांत उर्फ सोनू, अमित सिंह, विजय कुमार बसोड को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया था। मामले में अबतक अन्य तीन आरोपी फरार थे। पुलिस मामले में फरार आरोपियों की पतासाजी कर रही है, इस दौरान सूचना मिलने पर मध्य प्रदेश सिंगरौली से आरोपी राम लल्लू उर्फ लल्लू पिता जनक लाल उम्र 25 साल को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को पुलिस अधिकारियों ने शहर लाया और विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्रवाई में टीआई गोपाल सतपथी, कमल फूल साहू, प्रफुल्ल सिंह, आकाश मिश्रा का योगदान रहा।

**लोगों के स्वास्थ्य के लिए घातक**

## त्यौहारी सीजन में बाहरी प्रांतों से मंगाकर खपाया जा रहा सिंथेटिक पनीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

त्यौहारी सीजन के राखी, स्वतंत्रता दिवस, गणेश चतुर्थी के मद्देनजर खानपान की चीजों की डिमांड काफी अधिक बढ़ जाती है,ऐसे में मिलावटी चीजों का धंधा करने वालों की चांदी हो रही है,वर्तमान में बिश्रामपुर क्षेत्र के डेयरी व होटलों में छत्तीसगढ़ सीमावर्ती राज्यों से सिंथेटिक पनीर व मिलावटी खोवा खपाए जाने की खबर है।

प्राप्त जानकारी अनुसार सबसे अधिक सिंथेटिक पनीर की सप्लाई उत्तरप्रदेश के बनारस से बस के माध्यम से कराई जा रही है,उक्त केमिकल युक्त सिंथेटिक पनीर सामान्य तरीके से दूध से तैयार किये गये पनीर से काफी सस्ते दाम में होटल संचालकों और डेयरी संचालकों को मिल जाता है, इसमें अच्छी खासी मार्जिन व मुनाफा भी मिल जाता है,मार्केट रेट में बिक रहे ओरिजनल पनीर की तुलना में सिंथेटिक पनीर 50 रुपये से 100 रुपये प्रति किलो सस्ता बेच दिया जाता है, इस कारण से शादियों में केटरिंग सर्विस, होटलों व डेयरी में सिंथेटिक पनीर की मांग और खपत काफ़ी ज्यादा है,केमिकल युक्त सिंथेटिक पनीर की सप्लाई क्षेत्र में बेधड़क जारी है,आमजनों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है,लेकिन जिम्मेदार विभाग के अधिकारी बेसूध हैं,न ही किसी होटल व डेयरी में सर्वे होता है और न ही किसी भी तरह का सैंपल लेकर जांच होती है,खाद्य विभाग की तथाकथित मिलीभगत से डेयरी व होटल संचालकों की मौज है,वहीं आम नागरिक जानकारी के अभाव में जानलेवा घातक सिंथेटिक पनीर का सेवन अनजाने में कर रहे हैं जिसमें बच्चे व महिलाएं भी शामिल हैं।

इस सम्बन्ध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ बीएमओ डॉ अमित भगत ने बताया कि मिलावटी सिंथेटिक पनीर केमिकल युक्त होता है। इसको शरीर से निकालने व ड्रेन करने के लिए लिवर व किडनी में विपरीत असर पड़ता है। लंबे समय तक केमिकल युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से इंटरनल बॉडी पार्ट्स डैमेज हो सकते हैं, यह जानलेवा हो सकता है।

### डिटर्जेन्ट, यूरिया, स्टार्च व शैम्पू से मिलकर तैयार हो रहा सिंथेटिक पनीर

प्राप्त जानकारी अनुसार केमिकल युक्त सिंथेटिक पनीर को उत्तर प्रदेश स्थित कारखानों में शैम्पू,यूरिया,स्टार्च पाउडर व डिटर्जेंट मिलाकर काफी कम लागत में भारी मात्रा में सिंथेटिक पनीर तैयार किया जाता है, फिर इसके बाद छोटे पैकेटस बनाकर बस के माध्यम से इसकी सप्लाई करने की तैयारी की जाती है,सुबह तड़के बस से उतरवाकर सम्बंधित जगहों पर मिलावटी पनीर की खेप बिक्री के लिए पहुँच जाती है।

### होती है कार्रवाई

समय समय पर डेयरी व होटलों से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जाता है। मिलावट पाए जाने पर सम्बंधितों के विरुद्ध नियम अनुसार कार्यवाही की जाती है। इसके लिए जांच टीम गठित की गई है।

**-नितेश मिश्र**
प्रभारी सहायक आयुक्त खाद्य

## बाइक चोर को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घर के सामने खड़ी बाइक को चोरी करने वाले 2 आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से बाइक भी बरामद की गई है।



मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। कश्यप कालोनी निवासी अर्जुन दास बजाज पिता स्व. शीतल दास उम्र 50 वर्ष निवासी ने 6 अगस्त को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को बताया था कि घर के सामने रखी बाइक क्रमांक सीजी 10 बीवाय 4859 को अज्ञात चोर ने निशाना बनाया और चोरी कर ली है। इस दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिलने पर पुलिस ने इमरान और लक्की यादव को हिरासत में ले लिया। इस दौरान पुछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि उक्त बाइक की चोरी उनके द्वारा की गई और बाइक को वाल्मिकी चौक के पास छोड़ने की बात कबूल कर ली। पुलिस ने मौके पर जाकर बाइक की बरामदी की गई है।

वहीं इस मामले में चांटीडीह निवासी इमरान खान पिता नजीम खान उम्र 30 वर्ष और करबला चौक कुम्हारपारा निवासी लक्की यादव उर्फ लक्कू उम्र 22 वर्ष निवासी करबला चौक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### सड़कों पर भर रहा बरसात का पानी, चक्काजाम की दी चेतावनी

**कोरबा।** कोरबा-पश्चिम बांकीमोंगरा नगर पालिका की उपाध्यक्ष गायत्री कंवर ने 20 अगस्त को सड़क चक्काजाम की चेतावनी दी है। रेलवे अंडरब्रिज की सड़क पर बारिश का पानी भरने से आवाजाही में परेशानी हो रही है। इस संबंध में जिलाधीश और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया है। इसमें जनहित से जुड़ी 7 सूत्रीय मांगों को पूरा करने अपील की गई है। गेवरा-पेंड्रा रेल लाइन के निर्माण के तहत मड़वाढोड़ा के पास पुरैना से बांकीमोंगरा पहुंच मार्ग पर रेलवे ने अंडरब्रिज बनाया है। लेकिन पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से बारिश का पानी सड़क पर भर रहा है। अधिक बारिश में आवाजाही पूरी तरह बाधित हो जाती है, जबकि कम बारिश में भी चालकों को परेशानी होती है। इसी मार्ग से दीपका की ओर भी आवाजाही होती है, जिससे नगर और आसपास के गांवों के लोग प्रभावित हो रहे हैं। अंडरब्रिज के नीचे पानी भरने की समस्या को देखते हुए डोम निर्माण की मांग की गई है।

### निगम के फेस आफ द मंथ चुने गए शांतिलाल, करन व तिलका

**कोरबा।** नगर निगम के सहायक ग्रेड-2 शांतिलाल सोनी, सहायक राजस्व निरीक्षक करन पाण्डेय, एवं सहायक ग्रेड-3 तिलका धुरव को अगस्त माह का फेस आफ द मंथ चुना गया है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने फेस आफ द मंथ चुने गए इन कर्मचारियों को बधाई दी है तथा कार्य के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना की है। निगम की सहायक ग्रेड 2 शांतिलाल सोनी, सहायक राजस्व निरीक्षक करन पाण्डेय, एवं सहायक ग्रेड-3 तिलका धुरव को अगस्त माह हेतु निगम का फेस आफ द मंथ चुना गया है।

### गेवरा प्रोजेक्ट में श्रमिक संगठनों ने दी हड़ताल की चेतावनी



**कोरबा।** गेवरा प्रोजेक्ट में कार्यरत श्रमिक संगठनों ने हड़ताल की चेतावनी दी है। संयुक्त केन्द्रीय श्रमिक संगठन एचएमएस, एटक, इंटक, सीटू ने महाप्रबंधक, एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट को पत्र लिखकर अपनी मांगों के निराकरण नहीं होने पर हड़ताल की चेतावनी दी है। श्रमिक संगठनों ने कहा कि उन्होंने 28 मई को महाप्रबंधक को पत्र लिखकर अपनी 20 सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए बैठक करने का अनुरोध किया था, लेकिन अभी तक कोई निराकरण नहीं हुआ है। श्रमिक संगठनों ने बताया कि वे 11 अगस्त से क्रमिक भूख हड़ताल शुरू करेंगे। इसके बाद चक्का जाम, घेराव, प्रदर्शन और आमरण अनशन किया जाएगा। श्रमिक संगठनों ने महाप्रबंधक को पत्र में लिखा है कि वे अपनी मांगों के निराकरण के लिए तैयार हैं, लेकिन प्रबंधन का नकारात्मक रवैया देखकर उन्हें हड़ताल की चेतावनी देनी पड़ रही है।

### वृद्धा ने लगाई फांसी, मौत

**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत राजीव नगर निवासी लताबाई 70 वर्ष पति बद्री प्रसाद ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। जब परिजनों को पता चला तो उसे फंदे से नीचे उतारकर मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। वृद्धा ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## निधन

### रामलाल कंवर



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार बस्ती निवासी रामलाल कंवर उम्र 53 वर्ष का आकस्मिक निधन गुरुवार की सुबह घर पर हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र सहित भरा परिवार शोक संतृप्त छोड़ गए। जिनका अंतिम संस्कार हरदीबाजार मुक्ति धाम में किया गया। अंतिम संस्कार में परिवार, समाज व गांव से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## मोर तिरंगा–मोर अभिमान

# सम्मान में राष्ट्रभक्ति से गूंज उठा कोरबा भाजपा की कार्यशाला में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी द्वारा मोर तिरंगा मोर अभिमान अभियान के अंतर्गत टीपी नगर में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जिला संगठन के प्रभारी गोपाल साहू के मार्गदर्शन एवं भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी और कार्यक्रम संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन तथा छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर रहे।

कार्यशाला का उद्देश्य मोर तिरंगा यात्रा के माध्यम से जन-जन में देशभक्ति की भावना को जागृत करना, युवाओं को राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना, और देश के प्रति समर्पण एवं तिरंगे के सम्मान को मजबूत करना था। इस अभियान के अंतर्गत दिनांक 10 अगस्त से 15 अगस्त तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिनमें घर-घर तिरंगा अभियान, तिरंगा यात्रा का संचालन, महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई व माल्यार्पण, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाना, मुख्य वक्ताओं के प्रेरणादायक उद्बोधन। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि यह यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति श्रद्धा और देश के युवाओं में राष्ट्रभक्ति का संकल्प भरने का एक पवित्र अभियान है। हमें गांव-गांव, गली-गली जाकर तिरंगे की शान का संदेश देना है और संविधान की मर्यादा को जन-जन तक पहुंचाना है। राज्य युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि जो भरा नहीं है भावों से, जिसमें बहती रसधार नहीं वह हृदय नहीं, पत्थर है जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं। श्री तोमर ने विद्यार्थी परिषद के दिनों को याद करते हुए कहा कि भारत माता के प्रति समर्पण ही युवा शक्ति की पहचान है। तिरंगा हमारी आत्मा है, यह हमें जोड़ता है, प्रेरित करता है और एक राष्ट्र के रूप में हमारी पहचान बनाता है। भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि यह कार्यशाला संगठनात्मक मजबूती और राष्ट्रप्रेम का संगम है। उन्होंने कहा कि जिला प्रदेश के लिए उदाहरण बनेगा और हर गांव, हर वार्ड तक तिरंगे के सम्मान को पहुंचाया जाएगा। जिला प्रभारी गोपाल साहू ने कहा कि हर कार्यकर्ता तिरंगे की गरिमा का प्रहरी है। हमें इस अभियान को हर वर्ग, हर क्षेत्र तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल उत्सव नहीं, बल्कि जन-जागरण का आंदोलन है। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन गर्ग, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.पवन सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपाई।

### हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा को लेकर बैठक संपन्न

भाजपा बरपाली मंडल में ग्राम पकरिया में मोर तिरंगा यात्रा मोर अभिमान अभियान के अंतर्गत मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अजय कंवर ने कहा कि हर घर तिरंगा तिरंगा यात्रा स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष भी पार्टी के कार्यकर्ता आम जनमानस के साथ तिरंगा यात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से देश भक्ति के कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित करते हुए देश की एकता एवं अखंडता के प्रति संकल्प लेते है। यह कार्यक्रम चार चरणों में संचालित होगा। जिसमें मुख्य वक्ता रूप में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदीप पटेल, महामंत्री सुकसिह पटेल, मगरचंद कश्यप, श्रीमती नीता राकेश यादव, कार्यक्रम संयोजक कार्यक्रम सहसंयोजक द्वय विकास अग्रवाल, बलराम वैष्णव एवं पार्टी के जेष्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जायसवाल महिला समाज ने मनाया सावन उत्सव



**कटघोरा।** जायसवाल महिलाओं के द्वारा सावन महोत्सव मनाया गया। जिसमे सबसे पहले सभी ने एक एक पौधा रोपण कर उत्सव का शुभारंभ किया गया तथा अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अल्का, सुनीता जायसवाल, शोभा, दुर्गा, मेनका, बसंती, बाली, उमा, उर्वशी, नंदनी, संजुला जायसवाल शामिल थे।

### सखी सहेली ग्रुप ने मनाया सावन उत्सव



**बांकीमोगरा।** बांकीमोगरा के शिवालय मोहल्ला स्थित सामुदायिक भवन में सावन के पावन अवसर पर सखी सहेली ग्रुप शिवालय मोहल्ला द्वारा सावन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं ने भारी संख्या में भाग लेकर उत्सव को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा लोकगीत, नृत्य, फैंसी ड्रेस, राखी निर्माण जैसी रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी गईं। हरियाली तीज और रक्षा बंधन जैसे पर्वों की झलक कार्यक्रम में देखने को मिली। सखी सहेली ग्रुप की संयोजकाओं ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन महिलाओं को न केवल एकजुट करते हैं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जुड़ाव को भी मजबूती प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया।

### उषा ने जीता सावन क्वीन का ताज



**कोरबा।** पावर सिटी कॉलोनी में बुधवार की शाम पारंपरिक रूप से सावन उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। पावर सिटी कॉलोनी फेस 3 के सावन उत्सव समूह के सदस्यों ने विभिन्न रोचक व सांस्कृतिक गतिविधियों से मनोरंजन किया। कार्यक्रम में इस वर्ष सावन क्वीन का खिताब जीतने वाली प्रथम पुरस्कार विजेता उषा साहू के सिर पर क्राउन सजाया गया। द्वितीय स्थान ज्योति सोनी एवं राजेश्वरी गौतम ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

### आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ ने मनाया सावन उत्सव



**कोरबा।** आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ ने सावन उत्सव मनाया। जिसमें सावन क्वीन का ताज रुचिका तिवारी के सिर पर सजा। आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय प्रभारी श्रीमती रेखा त्रिपाठी ने बताया सावन उत्सव का पर्व सभी बहुत धूमधाम से मनाते हैं। राजस्थान उत्तराखंड अन्य प्रदेशों में सावन शुरू होते ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड पड़ती है। जगह-जगह पर झूले सज जाते हैं। महिलाएं रंग बिरंगी साड़ी पहन सोलह सिंगार कर एक दूसरे को बधाइयां देती हैं।

### राम चरित मानस महिला समिति ने मनाया सावन उत्सव



**कोरबा।** साडा कालोनी दर्री में परमेश्वरी होटल में राम चरित मानस महिला समिति का सावन उत्सव उत्साह के साथ अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं के साथ गीत संगीत नृत्य भजन भोजन का आयोजन किया गया। श्रीमती बेला गायधने की अध्यक्षता में सभी बहनों ने आनंद लाभ उठाया। इसमें सदस्यो ने भजन नृत्य और गायन में भाग लिया और सावन क्वीन की प्रतियोगिता में रामायण और सामान्य ज्ञान से प्रश्ननोतर पूछा गया। जिसमें प्रथम श्रीमती आकांक्षा दुबें, द्वितीय श्रीमती इंदू गुप्ता रही जिन्हें सावन क्वीन से सम्मानित किया गया। इस उत्सव में सरला अग्रवाल, सुनैना सिंह, सुधा श्रीवास्तव, अन्नपूर्णा पांडे, अनुराधा तिवारी के साथ सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण निभाई।

## राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता दिल्ली में लेवल अप एमएमए में जिले के खिलाड़ी दिखाएंगे दम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता स्वतंत्रता कप के लिए जिले से लेवल अप एमएमए अकादमी से 7 खिलाड़ी एवं एनआईएस कोच प्रेमराज बंजारे गुरुवार को गोंडवाना एक्सप्रेस से रवाना हुए। अध्यक्ष अविनाश बंजारे ने बताया कि 8 से 10 अगस्त तक तालकटोरा इंडोर स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में कोरबा जिले के खिलाड़ियों का चयन होना गर्व का विषय है।

लेवल अप एमएमए अकादमी कोरबा के प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने हाल ही में संपन्न राज्य स्तरीय इंडिपेंडेंस कप कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। यह सभी खिलाड़ी एनआईएस कोच प्रेमराज बंजारे के नेतृत्व और जिला कराटे डू स्पोर्ट्स एसोसिएशन कोरबा के अध्यक्ष अविनाश बंजारे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। चयनित खिलाड़ियों में निहारिका के तीन खिलाड़ी कैडेट वर्ग में गुंजन देवांगन, सब जूनियर वर्ग में अक्षत पांडेय, नेवान आर. पिल्लै शामिल है एवं बालको सतनाम भवन लेवल अप अकादमी से युवराज गोगोई चयनित लेवल अप एमएमए अकादमी, सिटी सेंटर मॉल कोरबा से बालिका वर्ग सब जूनियर मिया अलापट्ट, आर्या सेठी तथा सीनियर बालिका वर्ग स्वाति ओगरे सम्मिलित है। कोच प्रेमराज बंजारे ने बताया कि सभी खिलाड़ी कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ अभ्यास कर रहे हैं और उनका लक्ष्य राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर प्रदेश एवं जिले का नाम रोशन करना है। जिला अध्यक्ष अविनाश बंजारे ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोरबा के बच्चे लगातार राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं, जो जिले और प्रदेश दोनों के लिए गर्व की बात है। लेवल अप एमएमए अकादमी, कोरबा,निहारिका एवं बालको अकादमी जिले में आत्मरक्षा, कराटे और मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है और बच्चों एवं युवाओं को अनुशासन, आत्मबल व खेल भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रही है।

## सांसद प्रतिनिधि महेश ने नल जल योजना की मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरपाली



महेश महंत।

सांसद ज्योत्सना महंत के सांसद प्रतिनिधि महेश महंत ने शासन की महत्वाकांक्षी नल जल योजना से संबंधित जानकारी मांग है। छत्तीसगढ़ में नल जल योजना, जिसे जल जीवन मिशन (जेजेएम) के नाम से भी जाना जाता है। इस योजना मुख्य उद्देश्य हर ग्रामीण घर में कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। यह योजना भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार दोनों के सहयोग से चलाई जा रही है।

जिसके माध्यम से हर घर जल प्रदाय किया जाएगा। सांसद प्रतिनिधि महेश महंत द्वारा नल जल योजना के तहत रामपुर विधानसभा अन्तर्गत कोरबा और करतला विकासखंड में चल रहे निर्माण कार्य और पूरे हो चुके कार्यों की जानकारी मांगा है जिसमे 8 बिन्दुओं पर नल जल योजना से संबंधित आंकड़े व जानकारी मांगी गई है। महेश महंत द्वारा कोरबा जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को पत्र के माध्यम से 8 बिन्दुओं में सवाल किया है जिसमें नल जल योजना के प्रारंभ वर्ष से आज पर्यंत तक कोरबा और करतला विकासखंड में चल रहे और पूर्ण हो चुके सभी कार्यों जैसे बोर खनन, पानी टंकी निर्माण, पाईप लाईन विस्तार आदि की समस्त जानकारी मांगी गई है। महेश महंत का कहना है कि शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना है जो केवल कागजों में ही पूर्ण दिख रही है जबकि वास्तविकता कोसों दूर है। कहीं पानी टंकी बना दिया गया है लेकिन वहाँ पानी के स्त्रोत ही नहीं है तो किसी गाँव मे पाईप लाईन बिछा दिया गया है और पानी टँकी का अभी तक पता नहीं है।

## हेल्थ प्लस

### एनकेएच जीवन आशा हॉस्पिटल में 15 अगस्त तक निःशुल्क चिकित्सा परामर्श

**कोरबा।** रक्षाबंधन एवं स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर समाजसेवा की भावना को साकार करते हुए एन के एच जीवन आशा हॉस्पिटल जमनीपाली में 6 से 15 अगस्त तक निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह परामर्श सेवा प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इस विशेष अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसमें जनरल मेडिसिन (आंतरिक रोग विशेषज्ञ), हड्डी रोग विशेषज्ञ (ऑर्थोपेडिक), शिशु रोग विशेषज्ञ (पीडियाट्रिशियन) तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ (गायनेकोलॉजिस्ट) शामिल हैं। यह परामर्श सेवा पूरी तरह से निशुल्क है और मरीजों को ओपीडी (बाह्य रोगी विभाग) में बिना किसी शुल्क के जांच और सलाह दी जा रही है। हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, विशेषकर उन लोगों के लिए जो आर्थिक कारणों से नियमित जांच नहीं करवा पाते। रक्षाबंधन और स्वतंत्रता दिवस जैसे सामाजिक और राष्ट्रीय पर्वों को ध्यान में रखते हुए अस्पताल ने इस जनसेवा अभियान को प्रारंभ किया है। एनकेएच जीवन आशा हॉस्पिटल की यह पहल न सिर्फ चिकित्सा सेवा की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि यह समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी प्रयास है। हॉस्पिटल प्रबंधन ने अधिक से अधिक नागरिकों से अपील की है कि वे इस सेवा का लाभ उठाएं और समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाएं।

## डीएवी में अलंकरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य मुखर्जी एवं अन्य शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। उन्होंने विद्यालय के हेड बॉय दीपेश रात्रे कक्षा 12वीं तथा हेड गर्ल नम्रता एक्का कक्षा 12वीं, वॉइस हेड बॉय अभिषेक रंजन तिवारी कक्षा 11 वीं तथा वॉइस हेड गर्ल साक्षी मौर्य कक्षा 11 वीं एवं खेल प्रतिनिधि बालक संजय सिंह कक्षा 12 वीं, खेल प्रतिनिधि बालिका दिव्या कंवर कक्षा 12वीं तथा सांस्कृतिक प्रतिनिधि बालक विनय कुमार खांडेकर कक्षा बारहवीं, बालिका सांस्कृतिक प्रतिनिधि मानसी कंवर, और अनुशासन प्रतिनिधि बालक सुनील कुमार बरेठ कक्षा बारहवीं, अनुशासन प्रतिनिधि बालिका वर्षा कुमारी निषाद एवं सभी हाउस के कैप्टन तथा सभी कक्षाओं के कक्षा मॉनिटरों को प्राचार्य महोदय द्वारा बैच प्रदान किया गया। बैजिंग और सैश समारोह के बाद, विद्यालय के प्राचार्य श्री मुखर्जी ने सभी प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई और उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएँ दीं और उन्हें अपनी भूमिकाएँ पूरी लगन से निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### डीएवी स्कूल...

लगाया कि स्कूल प्रशासन पूरी भर्ती प्रक्रिया को अपारदर्शी तरीके से चला रहा है। विद्यालय प्रबंधन पर धन के लेन-देन, सिफारिश पर आधारित दाखिला और स्थानीय बच्चों की अनदेखी जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। कई अभिभावकों का कहना है कि उन्हें पहले फार्म भरवाया गया, फिर महीनों तक कोई जवाब नहीं मिला और अंत में सीट न होने की बात कह दी गई। प्रिंसिपल के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी घटना स्थल पर भारी संख्या में लोग जमा हुए और स्कूल के मुख्य गेट के सामने जमकर नारेबाज़ी की। प्रिंसिपल होश में आओ, भ्रष्टाचार बंद करो और स्थानीयों को हक दो जैसे नारों से माहौल गर्म रहा। अंत में प्रदर्शनकारियों ने प्रिंसिपल का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। वहीं डीएवी स्कूल प्रबंधन ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। जिसमें स्कूल प्रिंसिपल चंद्रमोहन पांडे ने एक लिखित बयान में प्रबंधन ने कहा हमारी स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी है, जो एक प्रवेश समिति के माध्यम से संचालित की जाती है। हर वर्ष सीमित सीटों के कारण कई योग्य छात्रों को भी हम प्रवेश नहीं दे पाते, लेकिन इसमें कोई पक्षपात या भ्रष्टाचार नहीं किया जाता।

### लो वोल्टेज व...

की बात कर रहे थे। जिसके चलते की समस्या फिर बढ़ रही थी और दूसरा ट्रांसफार्मर भी भ्रस्ट होने वाला था। लगातार समस्या को देखते हुए वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद तामेश अग्रवाल ने विद्युत वितरण विभाग के कार्यालय का गुरुवार की शाम 4 बजे घेराव कर दिया और तब तुलसी नगर जोन के एई श्री अनंत ने तत्काल मामले में संज्ञान लिया और ईदगाह चौक में भ्रष्ट ट्रांसफार्मर को बदलने की कवायद की गई और देर शाम को ट्रांसफार्मर बदल दिया गया इसके बाद क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था दुरुस्त हो गई।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

PAWAN CONSULTANCY
• MBBS, MS/MD • BDS, MDS • BAMS • BHMS • BNYS • BPT • NURSING • PARAMEDICAL • D. PHARMA • B. PHARMA • M. PHARMA
• B. Tech, M. Tech., B. Arch, M. Architecture • AGRICULTURE, FASHION, INTERIOR • ITI, POLYTECHNIC, FILM INDUSTRY • BBA, MBA • LLB, LLM • BCA, MCA • VETERINARY • B.Lib, M.Lib • Nursery to Class 12th (All subject) • All Other (B.A. (Hons.) B.Sc., B.Com, BCA, BJMC) • PHD, NEET, JEE, CAT, PSC, TALLY ADMISSION
We See A DOCTOR in You
"Let's Build Your Medical Career Together"
We Provide Govt., Deemed University, NRI & Management Quota Seat Guidance & Admission
Contact for BSC, MSC Nursing Free Admission In New Raipur
Govt./Pvt. Universities & Collages DCA/PGDCA/ Tally Admission with Job Placements
• Engineering Pharmacy On Upto 100% Scholarship
• Education Loan Facility • On The Spot Admission
Omkar Palace, Kushalpur Chowk, Ring Road-1, Raipur 492001
Shop No. 28, Ground Floor, Hira Arcade, Pandri, Raipur 492004
9993234534, 8305305366

NKH SUPER SPECIALITY HOSPITAL INSPIRING BETTER HEALTH
रक्षाबंधन एवं स्वंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में NKH जीवन आशा हॉस्पिटल, में
निःशुल्क परामर्श
06 अगस्त से 15 अगस्त तक।
समय - सुबह 10 से 2 बजे तक ।
उपलब्ध विभाग
• जनरल मेडिसिन • हड्डी रोग विशेषज्ञ • शिशु रोग विशेषज्ञ • स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
सीएसईबी कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के भर्ती होने पर विडाल कार्ड के माध्यम से कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
आई.पी.डी में आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध।
पंजीयन हेतु संपर्क करें-
93400-79176, 62320-33233
एन. के. एच. जीवन आशा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, साडा कॉलोनी जमनीपाली, कोरबा

इंडियन नर्सिंग कौसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण



रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

## खबर संक्षेप



### सीसी रोड़ निर्माण कार्य का कटघोरा विधायक ने किया भूमिपूजन

**हरदीबाजार**। ग्राम पंचायत छिन्दपुर में जिला खनिज न्यास मद योजना अंतर्गत तीन सीसी रोड का भूमि पूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा किया गया है। साथ ही हाई स्कूल परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विकास की सौगात में मेन रोड से मुक्तिधाम तक 8 लाख रुपए, मुडियानार मेन रोड से तालाब तक 5 लाख रुपए, मुडियानार मेन रोड से बस्ती तक 10 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड़ कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति विनोद यादव, मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर, महामंत्री हेमंत तिवारी, सरपंच श्रीमती शंकुती बाई कंवर, वरिष्ठ नागरिक रामसिंह राठौर, छत्रपाल राठौर, सचिन राठौर, शंकरलाल यादव, मनहरण राठौर, गजानंद राठौर, जिलाकार्यसमिति सदस्य कृष्णानंद राठौर, उपाध्यक्ष हुलेश राठौर, पूर्व सरपंच प्रताप कंवर,अशोक पाटले, प्रभारी प्राचार्य पीआर भार्गव, लकेश्वर साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अवंतिका के नगर आगमन पर होगा भव्य स्वागत



**गेवरा दीपका**। यूथ कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव बनने के बाद अवंतिका तिवारी का 8 अगस्त को पहली बार जिले में आगमन हो रहा है। इस दौरान कोयलांचल दीपका में यूथ कांग्रेस द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। कटघोरा विधानसभा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष रहमान खान, पूर्व अध्यक्ष बालेंद्र सिंह व वरिष्ठ नेता तारकेश्वर मिश्रा, भरत मिश्रा के नेतृत्व में स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। यह जानकारी युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा दी गई है।

### महापौर एवं आयुक्त ने किया पौधरोपण रोपे विभिन्न प्रजातियों के पौधे



**कोरबा**। महापौर एवं निगम आयुक्त ने पोडीबहार स्थित ऑक्सीजोन में पौधरोपण किया। इस मौके पर पार्षद अशोक चावलानी, वार्ड पार्षद श्रीमती चन्द्रकली जायसवाल सहित सीसीसीआई के पदाधिकारियों ने भी पौधरोपण किया तथा पौधों के संरक्षण, संवर्धन के संकल्प को दोहराया। छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में पोड़ीबहार स्थित ऑक्सीजोन में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आयोजन में पहुंचकर वृक्षारोपण किया। इस दौरान सीसीसीआई के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष परसराम रामानी, महामंत्री गजानंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नितिन गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाषचन्द्र अग्रवाल, मंत्री दीपक मित्तल, मनीष अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, सहायक अभियंता अश्वनी दास सहित अन्य लोगों ने भी पौधरोपण किया तथा वृक्षों के संरक्षण, संवर्धन के संकल्प को दोहराया।

### लैंगिक उत्पीड़न आंतरिक शिकायत परिवाद समिति की बैठक



कोरबा। नगर निगम कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए गठित आंतरिक शिकायत परिवाद समिति की बैठक बुधवार को निगम व्हीसी कक्ष में सम्पन्न हुई। समिति के समक्ष किसी भी प्रकार की शिकायत व परिवाद न तो प्रस्तुत किया गया है और न ही लंबित है। लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिरोध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के अंतर्गत निगम में आंतरिक शिकायत परिवाद समिति का गठन किया गया है। समिति के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा कार्यालय में लैंगिक उत्पीड़न संबंधी विषयों पर सजग रहने व किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित संज्ञान लेने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में समिति की अध्यक्ष गुलिस्ता साहू, सदस्य सचिव सुभाषिनी आशावान, तारा भगत, कीर्ति अनंत, तिरिथबाई, विनीता सिंह, तुलसीबाई आदि उपस्थित थे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मवेशी की मौत

**कोरबा**। सर्वमंगला कनवेरी मार्ग पर बीती रात फिर हुए सड़क हादसे में एक गाय की मौत हो गई। गीली सतह और कीचड़ से बचने मवेशी सड़क पर बैठ जाते हैं, ऐसे में दुर्घटनाएं भी होती है। रात के समय इस मार्ग पर अंधेरा होने की वजह से लगातार हादसे हो रहे है। बीते एक माह के भीतर दो भैंस और चार गाय बैल की इस मार्ग पर मौत हो चुकी है। बावजूद इसके इन हादसों पर लगाम लगाने कोई प्रयास नहीं किए जा रहे है।

## रोजगार सहायक द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के रकम का किया गया आहरण

# फर्जी मस्टररोल से आहरण, रोजगार सहायक का पद से सेवा किया गया समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कसियाडीह में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत रोजगार सहायक अनुरागिनी जगत के द्वारा प्रधानमंत्री आवास निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत सुशासन तिहार में किया गया था।

कलेक्टर एवं जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी के आदेशानुसार जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी भूपेंद्र सोनवानी द्वारा जांच दल गठित किया गया जिसमें कर्रा रोपण अधिकारी गीता सिंह नेटी, टी के प्रधान, तकनीकी सहायक संतोष भारद्वाज के द्वारा 27 जून को ग्राम पंचायत कसियाडीह में उपस्थित होकर जांच किया गया था जांच प्रतिवेदन में रोजगार सहायक अनुरागिनी जगत द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी करने की शिकायत सही पाया गया जिसमें लगभग हितग्राहियों से 90 दिवस का रोजगार भुगतान के तहत प्रधानमंत्री आवास हितग्राही के खाते से दूसरे के नाम पर फर्जी मास्टर रोल भर कर लाखों रुपए आहरण किया गया था जबकि प्रधानमंत्री आवास हितग्राही स्वयं अपनी लागत से रोजगार गारंटी के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास में कार्य किया जाना था जिसमें स्वयं की लागत लगाकर कार्य किया गया था। जिसकी शिकायत सुशासन तिहार में किया गया और वह शिकायत सही पाया गया जिसके लिए विभागीय अधिकारी के द्वारा संबंध प्रतिवेदन अनुरागिनी जगत रोजगार सहायक को कार्यालय जनपद पंचायत पाली में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। जिसमें रोजगार सहायक जवाब संतोषजनक नहीं दे पाया गया। पुनः रोजगार सहायक को युक्तियुक्त सुनवाई का अवसर प्रदान करने हेतु अंतिम कारण बताओ सूचना मंगाया गया। जिसमें भी संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा के अनुमोदन उपरांत एक माह का वेतन देते हुए अनुरागिनी जगत ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत कसियाडीह को पद से सेवा समाप्त किया गया।




### सेवा की गई समाप्त

रोजगार सहायक अनुरागिनी जगत का फर्जी मास्टर रोल भरकर पैसा आहरण का शिकायत मिला था जो कि शिकायत में सही पाया गया। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के अनुमोदन पर अनुरागिनी जगत का सेवा समाप्त किया गया फिलहाल अभी जांच जारी है।

-भूपेंद्र सोनवानी
मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाली

### लाखों रुपए की हुई हेरा फेरी

रोजगार सहायक अनुरागिनी जगत के द्वारा लगभग 25 से 30 हितग्राहियों से अलग-अलग समय में रोजगार गारंटी में काम करने की एवज से दूसरे के नाम पर फर्जी मास्टर रोल भरकर लाखों रुपए आहरण किया था। जिनकी भुगतान स्वयं आवास के मालिकों द्वारा की गई अब अनुरागिनी जगत का सेवा समाप्त कर दिया गया है लेकिन इन सब हितग्राहियों का पैसा वापस अनुरागिनी से शासन के द्वारा वसूल कर हितग्राहियों को देंगे कि नहीं यह हितग्राही अब आस लगाए बैठा है कि अधिकारियों के द्वारा अनुरागिनी जगत से पैसा वसूल कर वापस हितग्राहियों के खाते में दिया जाए।

## अपशिष्ट का शत प्रतिशत सोर्स सेग्रीगेशन सुनिश्चित कराएंः पाण्डेय



बैठक को संबोधित करते निगम आयुक्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त ने स्वच्छता दीदियों, कमांडों व स्वच्छता कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण के दौरान यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं, सूखे व गीले कचरे का शत प्रतिशत स्त्रोत पृथकीकरण किया जाए तथा सूखा व गीला कचरा रिक्शें के पृथक-पृथक हिस्से में संग्रहित किया जाए ताकि निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप कचरे का प्रबंधन सुगम रूप से किया जा सके।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के एसएलआरएम सेंटरों में कार्यरत स्वच्छता सुपरवाईजरों, स्वच्छता दीदियों तथा स्वच्छता कमांडों एवं स्वचछता कार्य से जुडे. अधिकारी कर्मचारियों, निरीक्षकों की बैठक लेकर निगम की साफ-सफाई व्यवस्था व डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य की विस्तार से समीक्षा की। श्री पाण्डेय स्वच्छता दीदियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण के दौरान सूखे व गीले कचरे का शत प्रतिशत सेग्रीगेशन सुनिश्चित कराएं तथा गीला व सूखा कचरा रिक्शें के पृथक-पृथक हिस्से में संग्रहित करें। उन्होंने स्वच्छता दीदियों से कहा कि अपशिष्ट संग्रहण के दौरान नागरिकों से सतत रूप से आग्रह करें कि वे अपने घरों में सूखा व गीला कचरा पृथक-पृथक डस्टबिन में संग्रहित करें, दोनों प्रकार के कचरे को आपस में न मिलाएं तथा पृथक-पृथक रूप से कचरा संग्रहण के दौरान आपको, तभी शत प्रतिशत सोर्स सेग्रीगेशन सुनिश्चित किया जा सकेगा। आयुक्त ने कहा कि वे डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण के दौरान नागरिकों से सफाई व्यवस्था व अपशिष्ट के संग्रहण पर सुझाव भी प्राप्त करें, साथ ही उनके द्वारा की गई शिकायतों के निराकरण की दिशा में त्वरित एक्शन लें। उन्होने कहा कि त्रुटिरहित सफाई व्यवस्था व शहर की स्वच्छता में आमजन की सहभागिता व सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## बगैर लाइसेंस साढ़े चार साल तक संचालित होता रहा एनटीपीसी का विभागीय अस्पताल




फाइल फोटो

### खास बात

- 17 मार्च को जारी किया गया अस्पताल का नया लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी कोरबा का विभागीय अस्पताल साढ़े चार साल तक बगैर लाइसेंस चलता रहा। जब लाइसेंस जारी किया गया, तो इसे जारी करने में भी नियमों का घोर उल्लंघन किया गया है। पूर्व में अस्पताल को वर्ष 2015 से 2020 तक की अवधि के लिए लाइसेंस जारी किया गया था, जिसके समाप्त होने के बाद 4 साल 5 माह तक अस्पताल का संचालन जारी रहा।

उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी के आवासीय परिसर में 70 बेड का विभागीय अस्पताल संचालित है। छत्तीसगढ़ में राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन नियम 2013 (सीजी नर्सिंग होम एक्ट) लागू है। इसके अंतर्गत समस्त निजी, पब्लिक सेक्टर्स की अस्पतालों का संचालन करने के लिए लाइसेंस प्राप्त करना होता है। एनटीपीसी अस्पताल को 17 मार्च वर्ष 2025 को सीजी नर्सिंग होम एक्ट के तहत लाइसेंस नम्बर केओआरबी 0181/ एचओएस जारी किया गया है, जिसकी अवधि 16 मार्च वर्ष 2030 तक की है। इसके पूर्व एनटीपीसी कोरबा अस्पताल को 27 सितम्बर वर्ष 2015 से 26 सितंबर 2020 तक की अवधि के लिए लाइसेंस नम्बर केओआरबी 0076/ एचओएस जारी हुआ था। सीजी नर्सिंग होम एक्ट के तहत जो लाइसेंस जारी होता है उसकी वैधता पांच साल की होती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के दस्तावेजों के अनुसार एनटीपीसी कोरबा अस्पताल 27 सितम्बर वर्ष 2020 से 16 मार्च वर्ष 2025 यानी चार साल पांच माह 16 दिन तक बगैर लाइसेंस संचालित होता रहा। पब्लिक सेक्टर का बड़ा औद्योगिक प्रतिष्ठान का अस्पताल अवैधानिक तरीके से लगभग साढ़े चार साल तक संचालित होता रहा और संबंधित विभागों ने इसे संज्ञान में नहीं लिया। मामले में एनटीपीसी अस्पताल, एनटीपीसी प्रबंधन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यालय की भूमिका संदेह के दायरे में है।

### सभी दस्तावेज पूर्ण

एनटीपीसी के विभागीय अस्पताल में वर्तमान में लाइसेंस सहित सभी अन्य दस्तावेज पूर्ण है। वर्ष 2020 से 2025 तक के अवधि में अस्पताल के लाइसेंस के संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है। यह विभाग मेरे पास नहीं है इसकी पूरी जानकारी अस्पताल के सीएमओ डॉ.विनोद कोल्हटकर के पास मिलेगी।

**-शशि शेखर**, एचआर हेड, एनटीपीसी

### नियमों को ताक पर रखकर किया गया नया लाइसेंस जारी

एनटीपीसी अस्पताल को 17 मार्च वर्ष 2025 को जो लाइसेंस जारी किया गया है, उसे जारी करने में नियमों का उल्लंघन किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय ने एनटीपीसी को चार साल पांच माह 16 दिन के बड़े गेप के बाद लाइसेंस जारी करने में नियमों का ताक पर रख दिया। 17 मार्च वर्ष 2025 को जारी किए गए लाइसेंस में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कोरबा डॉ.एसएन केशरी के हस्ताक्षर हैं। सीजी नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया निर्धारित है। सीजी नर्सिंग होम एक्ट के तहत गठित जिला समिति द्वारा निरीक्षण इत्यादि कार्यवाही के बाद लाइसेंस जारी करने की अनुशंसा पर्यवेक्षी अधिकारी को की जाती है। यह एक अनिवार्य प्रक्रिया है। एनटीपीसी कोरबा अस्पताल को लाइसेंस जारी करने के मामले में पूरी प्रक्रिया को किनारे कर दिया गया।

## बिर्रा क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार मरीजों के जान के साथ कर रहे खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बिर्रा क्षेत्र में इन दिनों झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार हो गई है। झोलाछाप डॉक्टर मरीजों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे है। वहीं इस पर कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले बुलंद होते चले जा रहे है।

ज्ञात हो कि बम्हनीडीह ब्लॉक के बिर्रा इलाके में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार हो गई है। हर 100 मीटर की दूरी पर एक झोलाछाप डॉक्टर तामझाम के साथ क्लीनिक संचालित कर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे कई मामले पूर्व में सामने आ चुके है. इतना ही नहीं ग्रामीणों व जागरूक जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर कोई कार्रवाई न होने से अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। बिर्रा में बंगाली डॉक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग के आला अफसरों के संरक्षण में क्लीनिक खोल डॉक्टर बनकर गंभीर बीमारियों का इलाज करने लगे है, जबकि इनके पास न तो संबंधित योग्यता है और न ही उपचार संबंधी लाइसेंस है। वही लम्बे समय से सस्ती दवाई दिलाने के नाम पर गरीबों का इलाज कर रहे हैं, कई बार तो मामला गंभीर हो जाता है। जिसमें मरीजों को गंभीर हालत में शासकीय एवं निजी हॉस्पिटल में भर्ती किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि झोलाछाप बंगाली डॉक्टर द्वारा प्रतिबंधित गर्भपात की दवा, बीपी शुगर की दवा, इंजेक्शन सीरिंज और कई कार्टून दवाइयां जिसमें ज्यादातर दवाएं मौसमी बिमारी के साथ सामान्य रोगों के उपचार के लिए उपयोगी है।

### खास बात

- कार्रवाई नहीं हो पाने के चलते हौसले होते जा रहे बुलंद

## नियम विरूद्ध कोल परिवहन करने वाले वाहनों पर लगा पौने दो लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

परिवहन विभाग व आरटीओ के उड़नदस्ता टीम ने बिना तिरपाल ढके व फटे पुराने तिरपाल से ढक कर कोयला परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की है। परिवहन विभाग की टीम ने 140 वाहनों पर चलानी कार्यवाही करते हुए 1 लाख 85 हजार रूपये का जुर्माना वसूला है।

सड़क पर संयंत्रों का राखड़ लेकर दौड़ते व कोल परिवहन में लगे भारी वाहनों द्वारा बिना तिरपाल ढके अधूरे फटे तिरपाल के कारण सड़क पर उड़ते के गुबार व कोयले के उड़ते छोटे-छोटे कणों से सड़क पर चलने वाले आम नागरिक त्रस्त है। साथ ही ऐसे लापरवाही से सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ गई है। इन पर लगाम कसने प्रशासनिक कवायद तेज हो गई है। प्रदूषण की रोकथाम के लिए राखड़ एवं कोयला लोड कर चलने वाले विभिन्न वाहनों पर व नियम विरूध परिवहन करने वाले भारी वाहन जो बिना तिरपाल ढके अधुरे ढके वाहनों एव खुले में अवैध डंप करने वाले फ्लाईएश वाहनों पर परिवहन आयुक्त कार्यालय के निर्देशानुसार परिवहन आयुक्त एस प्रकाश, अपर परिवहन आयुक्त डी रविशंकर के मार्गदर्शन एवं आरटीओ परिवहन उड़नदस्ता के प्रभारी अधिकारी संदीप कुमार गुप्ता के नेतृत्व में 1 अगस्त से उनकी प्रर्वतन अमला द्वारा विशेष अभियान चला कर कुल 140 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 1 लाख 85 हजार 500 रूपये जुर्माना राशि वसूल की गई। साथ ही मौके पर वाहन चालकों को यान को निश्चित मानक 200 जीएसएम के तिरपाल से ढक कर चलने एवं ओव्हर लोड न करने एवं शराब पीकर वाहन न चलाने एवं परिवहन नियमों का पालन करने समझाइश दी गई। बिना फिटनेश, बिना बीमा, बिना परमिट एवं बिना तिरपाल ढके वाहनों एवं दुकान ढाबे व सड़क किनारे, नो पार्किंग एरिया में बेतरतीब खड़े वाहनों एवं शराब सेवन कर चलने वाले वाहन चालकों पर परिवहन विभाग की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।




कार्यवाही करती परिवहन विभाग की टीम।

### अनाचार का आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा**। मानिकपुर क्षेत्र में प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सोसाईटी के पास डीपरापारा मानिकपुर निवासी धमेन्द्र साहू के द्वारा 2 अगस्त की सुबह 11 बजे के जबरन प्रार्थिया के साथ शारीरिक संबंध बनाया है तथा घटना को किसी को बताने पर जान से मारने का धमकी दिये जाने का रिपोर्ट दर्ज करायी है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी पतासाजी कर रही थी। आरोपी घटना के बाद से फरार था जिसे मुखबीर एव तकनीकि साक्ष्य एकत्र कर 72 घंटे के भीतर आरोपी सौतेले पिता धमेन्द्र कुमार साहू उर्फ धन्नु उम्र-43 वर्ष पिता स्व मुरित राम साहू को हिरासत में लिया जाकर विधिवत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## हसदेव नदी संरक्षण के लिए जिले में जनजागरण अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी आज प्रदूषण, अव्यवस्था और उपेक्षा का शिकार हो चुकी है। इसे फिर से संरक्षित, स्वच्छ और सौंदर्यपूर्ण बनाने के उद्देश्य से नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा जन-जागरण अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान की शुरुआत श्रावण पूर्णिमा (9 अगस्त ) को माँ सर्वमंगला घाट पर हसदेव आरती के साथ होगी। समिति द्वारा बताया गया कि हसदेव आरती प्रत्येक माह की पूर्णिमा को किया जाता है, जिससे जनसामान्य में नदी संरक्षण के प्रति चेतना जागृत हो। समिति का उद्देश्य न केवल हसदेव नदी, बल्कि उसकी सहायक नदियों और अन्य जल स्त्रोतों को भी संरक्षित करना है। हसदेव आरती में सामाजिक, शैक्षणिक और चिकित्सा जगत से जुड़े प्रमुख व्यक्ति बतौर मुख्य अतिथि ठाकुर जुड़ावन सिंह, उपाध्यक्ष, विद्या भारती (मध्य क्षेत्र), विशिष्ट अतिथि के रूप में टिकेश्वर सिंह राठौर, सदस्य, कोल इंडिया वेल्फेयर बोर्ड, नान्हीदास दीवान, प्रांताध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शिक्षक महासंघ, गणेश कुलदीप अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा अध्यक्ष आयुष मेडिकल एसोसिएशन शामिल होंगे।

### रिवर फ्रंट निर्माण की उठी मांग

समिति ने दर्री बांध से कुदुरमाल पुल तक हसदेव नदी के दोनों किनारों पर रिवर फ्रंट निर्माण की आवश्यकता जताई है। उनका कहना है कि यह क्षेत्र धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उचित विकास के अभाव में यह स्थान उपेक्षित और प्रदूषित हो गया है। यदि शासन-प्रशासन सक्रिय भागीदारी निभाए, तो इसे विश्वस्तरीय रिवर फ्रंट के रूप में विकसित किया जा सकता है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी और गौरवशाली धरोहर बन सकता है।








